चौधरी चरण सिंह विष्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा / डी0आर0 / 9554
दिनांक : 24.04.2025

# विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की सत्र जून 2025 सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म दिनांक 10.02.2025 से 23.03.2025 तक तथा 01.04.2025 से 06.04.2025 तक भरने का अवसर प्रदान किया गया था। पर्याप्त समय प्रदान करने के बावजूद भी कतिपय छात्र परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गये है। अतः ऐसे छात्रों हेतु सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ रूपये 1000/– का विलम्ब शुल्क लगाते हुए निम्नलिखित तिथियों में परीक्षा फार्म भरने का अवसर प्रदान किया जाता है।

1. NEP स्नातक पाठ्यक्रम– दिनांक 25.04.2025 तक
2. व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म– दिनांक 02.05.2025 तक
3. परमपरागत एवं एल0एल0बी0 / एल0एल0एम0 पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म– दिनांक 06.05.2025 तक

उपर्युक्त सभी पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम निर्गत किये जा चुके है। उपर्युक्त तिथियों के पश्चात किसी भी दशा में कोई भी परीक्षा फार्म नहीं भरा जायेगा।

24.04.2025

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वयैक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को, प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. प्राचार्य / प्राचार्या / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय / संस्थान / विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. उप कुलसचिव / प्रभारी (परीक्षा / गोपनीय)।
05. प्रभारी–कमैटी सेल / अति गोपनीय विभाग।
06. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
07. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेंसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के **सभी संस्करणों में विषेष स्थान देते हुए**, छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।

24/04

उप कुलसचिव (परीक्षा)